# विरासत व विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन किया लोक निर्माण मंत्री ने

## मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं राकेश सिंह ने



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** एक दिवसीय दौरे पर छिंदवाड़ा पहुंचे लोक निर्माण मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने विरासत और विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से संवाद किया। पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को गिनाते हुए मंत्री ने कहा कि पहले कांग्रेस के प्रधानमंत्री खुद कहते थे कि 1 रुपए में से गरीब तक सिर्फ 15 पैसे पहुंचते हैं। अब मोदी सरकार डीबीटी के जरिए सीधे खाते में पूरा पैसा पहुंचा रही है।

पहले की सरकार में घोटालों की गूंज जमीन से लेकर आसमान तक के घोटाले हुए, तुष्टीकरण हुआ, लेकिन अब सरकार की पहचान नवाचार और विकास है । पहले की सरकारें सोचती थीं यह काम कैसे होगा, लेकिन अब की सरकार सोचती है कि जरूरी है तो होकर रहेगा। आज मोदी हैं, तो मुमकिन है।

मंत्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों को सीधे लाभ पहुंचाने वाला सिस्टम बनाया, जिनका बैंक अकाउंट कभी नहीं था, आज उनके खाते हैं। खाते खोलने पर भी कांग्रेस ने हमारा मजाक उड़ाया था। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना से गरीबों को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। पहले यह सोचना भी मुश्किल था।

देश की सुरक्षा नीति पर बोलते हुए राकेश सिंह ने कहा कि पहले जब सैनिकों के सिर काटे जाते थे तब सरकारें चुप रहती थीं। अब सरकार जवाब देती है। पाकिस्तान को भी घुटनों पर लाया गया है। हमारी सेना पर हमें गर्व है। कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए मंत्री ने कहा कि कांग्रेस को यह समझना होगा कि देश अब बदलाव चाहता है। जनता अब काम देखती है, वादे नहीं। कांग्रेस को नकारात्मक राजनीति छोड़कर विकास की राजनीति करनी चाहिए।

# लिखी लिखाई स्क्रिप्ट पढ़कर चले गए राकेश सिंह : कांग्रेस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** देश से किए वादों और सरकार की जवाबदेही पर एक शब्द न बोलकर लिखी लिखाई स्क्रिप्ट पढ़कर चले गए और छिंदवाड़ा के विकास के मुद्दे पर मंत्रीजी ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देना भी उचित नहीं समझा।

प्रभारी मंत्री पर उक्त आरोप लगाते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता गुंजन शुक्ला ने कहा कि जनता से जो वायदे भाजपा ने किए थे चाहे 100 दिन में काला धन वापस लाकर 15-15 लाख रुपए हर व्यक्ति के खाते में डालने की बात हो या दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष दिए जाने की बात हो या 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने की बात हो या 2022 तक हर किसी को पक्के मकान का वादा हो या 2022 तक 100 स्मार्ट सिटी का वादा हो या 2022 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का वादा हो। इन सभी वादों पर पूरी बीजेपी मौन धारण किए हुए है।

आज देश यह जानना चाहता है कि पिछले 2 साल से मणिपुर में जो अशांति है, सीमा पर चीनी अतिक्रमण है, देश में महंगाई, बेरोजगारी, महिला अत्याचार, आर्थिक तंगी, डॉलर के मुकाबले रुपए की गिरती कीमत, लोगों की कम होती बचत, पेट्रोल-डीजल रसोई गैस की बढ़ती कीमतों, किसानों की बदहाली पर भाजपा के मंत्री नेता कुछ बोले, लेकिन भाजपा इन मूलभूत मुद्दों से ध्यान भटकाने नए-नए प्रपंच कर रही है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा राज में मध्यप्रदेश केंद्रीय योजनाओं में घोटालो का गढ़ बन चुका है। जल जीवन मिशन, मनरेगा, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत मिशन तक सभी में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। व्यापक पैमाने पर गबन, फर्जी बिलिंग और फर्जी हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने का काम चल रहा है। प्रदेश की भाजपा सरकार में केंद्र की हर योजना भ्रष्टाचार के दलदल में फंस चुकी है गरीबों का हक छीना जा रहा है। जल जीवन मिशन को लेकर तो स्वयं भाजपा के विधायक मंत्री भी स्वीकार कर चुके हैं कि जल जीवन मिशन में व्यापक भ्रष्टाचार है। ऐसा लगता है कि भाजपा राज में भ्रष्टाचार को नवाचार का नाम दिया गया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेसनीत यूपीए सरकार की जीरो बैलेंस अकाउंट योजना का नाम भाजपा सरकार द्वारा बदलकर जनधन योजना कर दिया गया और न्यूनतम बैलेंस न रख पाने के कारण देश के आम नागरिकों से 2014-15 से 2017-18 के बीच 11500 करोड रुपए की वसूली की गई है। इसी तरह 2020 से 2024 के बीच लगभग 8500 करोड रुपए न्यूनतम बैलेंस ना रख पाने के कारण जुर्माना के रूप में वसूले गए हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जिस डीबीटी योजना को लेकर प्रभारी मंत्री अपनी पीठ थपथपा रहे हैं वह कांग्रेस की यूपीए सरकार की योजना है । कांग्रेस प्रवक्ता सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने जीएसटी और इनकम टैक्स के रूप में लाखों करोड़ रुपए कमाए लेकिन बावजूद इसके भारत पर विदेशी कर्ज साढ़े चार गुना कैसे बढ़ गया। पत्रकार वार्ता में छिंदवाड़ा में विकास के अधूरे पड़े कार्यो पर जब मंत्री जी से पत्रकारों ने सवाल किया तो उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब देना तक उचित नहीं समझा और बिना कोई जवाब दिए पत्रकार वार्ता खत्म करके आगे बढ़ गये। इससे लगता है कि विकास कार्यो को लेकर भाजपा सरकार गंभीर नहीं है।

## सार-समाचार

### अमरवाड़ा के विकास कार्यो के लिए प्रभारी मंत्री से चर्चा की नपाध्यक्ष ने



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा नगरपालिका में विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति एवम् जनसमस्याओं के निराकरण हेतु ज़िले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह से नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी ने विधायक राजा कमलेश शाह के नेतृत्व में भेंट कर चर्चा की। प्रभारी मंत्री राकेश सिंह द्वारा नगरपालिका क्षेत्र की विकास योजनाओं में आ रही समस्याओं को दूर करने ज़िला प्रशासन के अधिकारियो को निर्देशित किया। इस अवसर पर भाजपा ज़िलाध्यक्ष शेषराव यादव नितिन तिवारी उपस्थित रहे।

### धनगर पाल समाज ने किया गड़रिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा प्रवास पर आए अखिल भारतीय गडरिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती श्रीपाल के छिंदवाड़ा अल्प प्रवास के दौरान जिला पाल धनगर समाज संगठन छिंदवाड़ा के समस्त पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती श्रीपाल ने समाज को संगठित एकत्रित होकर समाज को आगे कैसे बढ़ाया जा सकता है और गड़रिया समाज के इतिहास के बारे मे जानकारी दी गडरिया समाज की राष्ट्र माता लोकमाता देवी अहिल्याबाई जी के द्वारा राष्ट्र हित में किये गए कार्यों के बारे में जानकारी दी, इस दौरान जिला पाल समाज संगठन छिंदवाड़ा के जिला अध्यक्ष शशिकांत धनोरिया, जिला प्रभारी चैतराम पाल, कोषाध्यक्ष कैलाश पाल, घुड़ो पाल, लेखराम पाल, धनलाल पाल, गोविंद पाल, सुरेश पाल, संतोष पाल, प्रकाश पाल, रामकिशन पाल, मोहन पाल, युवा जिला अध्यक्ष संजय पप्पू पाल, उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंदू पाल, उपाध्यक्ष आयुष पाल, युवा जिला संगठन मंत्री इंजी. आशीष पाल, अनुपम पाल सिवनी, जिला युवा अध्यक्ष संदीप पाल, सभी पदाधिकारी व सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### बंद ओपन कास्ट कोयला खदान में मिला युवक का शव

**परासिया, देशबन्धु।** रावनवाड़ा खास में वेकोलि की वर्षों पूर्व बंद ओपन कास्ट कोयला खदान 11-12 में गुरुवार को एक युवक का शव मिला है। खदान में पानी भरा हुआ है। युवक का शव पानी के उपर पड़ा हुआ था। शव के आसपास पत्थर पड़े हुए हैं। युवक की पहचान विजय उइके पिता सही लाल उइके के रूप में हुई है। जिसकी उम्र 40 वर्ष है। मृतक रावनवाड़ा खास के काली चौक के वार्ड क्रमांक 6 का निवासी है। ओपन कास्ट खदान में युवक का शव औंधा पड़ा हुआ था। शव को देखने के बाद लोगों ने शव को खींचकर पलटी किया है। सोशल मीडिया में दोनों तरह के शव के फोटो एवं वीडियो डाले गये है। सूचना मिलने पर शिवपुरी पुलिस ने आकर शव को ओपन कास्ट से निकलवाया, जिसका पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम कराया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक दो दिन से घर से लापता था। पता चला है कि विजय उइके मजदूरी करता था। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस का कहना है कि विजय की मौत कैसे हुई है, इस बात का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर हो पायेगा।

# सजल जैन का आईआईएम अहमदाबाद के लिए चयन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद के डॉक्टोरल प्रोग्राम में छिंदवाड़ा शहर के छोटी बाजार निवासी इंजीनियर सजल जैन का चयन हुआ जो जिले सहित प्रदेश ही नहीं सम्पूर्ण देश के साथ सकल जैन समाज के लिए गर्व की बात है। आई.आई.एम. अहमदाबाद भारत सरकार की एन.आई.आर.एफ. रैंकिंग में वर्षों से प्रबंधन क्षेत्र में प्रथम स्थान पर रहा है।



समाज सेवी दीपक राज जैन ने बताया कि इस वर्ष हुई चयन प्रक्रिया में सजल जैन ने प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर कैंपस इंटरव्यू और लिखित परीक्षा में जगह बनाई, जिसमें उत्तीर्ण हो कर देश भर के सर्वश्रेष्ठ 20 स्कॉलर्स में पब्लिक सिस्टम ग्रुप के ऊर्जा क्षेत्र में एक मात्र पी.एच.डी. शोधार्थी के स्थान के लिए चयनित हुए।

आपको बता दें कि सजल ने अपनी एम.टेक. इंजीनियरिंग की पढ़ाई आई.आई.टी. रुड़की से की है, जिसमें वे बैच टॉपर रहे और वर्तमान में दिल्ली स्थित कोचिंग संस्थान मेड ईजी और नेक्स्ट आई.ए.एस. में सीनियर फैकल्टी के पद पर कार्यरत है।

# दिंडी यात्रा में होगा संतों का समागम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** परमात्मा की असीम कृपा से भगवान श्री विट्ठल रुक्मिणी के चरणों में अर्पित की जाने वाली दिंडी यात्रा में भव्य एवं दिव्य संत समागम होगा।

संत गजानन गुणगान मंडल, समग्र मराठी समाज एवं सच्चिदानंद सेवा समिति के द्वारा संयुक्त रूप से आषाढ़ी एकादशी (देवशयनी ग्यारस) पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

दिंडी यात्रा के संयोजक आनंद बक्षी ने बताया कि आगामी 6 जुलाई को शिर्डी साई मंदिर, विवेकानंद कॉलोनी से निकाली जाने वाली भव्य दिंडी यात्रा में गजासीन शनि धाम इंदौर के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज, श्री गणेश मठ बिछुआ के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर डॉ. वैभव अलोनी तथा हरि भक्त परायण प्रसिद्ध कीर्तनकार श्री चिंतामण गुर्वे का प्रमुख सानिध्य प्राप्त होगा।

यह उल्लेखनीय है कि विगत 13 वर्षों से धर्म नगरी छिंदवाड़ा में यह अदभुत दिंडी यात्रा निकाली जाती है।

आनंद बक्षी ने बताया कि भगवान विट्ठल रुक्मिणी के अभिषेक से आरम्भ होकर, दिंडी यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए शिव गजानन मंदिर, विवेकानंद कॉलोनी पहुंचेगी जहां मुख्य कार्यक्रम संपन्न होगा।



इस दिंडी यात्रा में जिला तिरोले कुनबी समाज, लोणारे कुनबी समाज, सच्चिदानंद सेवा समिति, श्री महाराष्ट्र मंडल, श्री छत्रपति शिवाजी महाराष्ट्र मंडल, श्री विप्र महाराष्ट्र मंडल, क्षत्रिय पवार समाज, क्षत्रिय मराठा समाज, वीर शैव लिंगायत समाज, महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज, महाराष्ट्रीयन नावहिं समाज, कुंभकार प्रजापति समाज, माली समाज, मांग मातंग समाज, महाराष्ट्रीयन तैलीक समाज, रेणुका महिला मंडल एवं माता मंदिर समिति बरारीपुरा दिंडीयो एवं आकर्षक झांकी के साथ उपस्थित रहेंगे।

संजय औरंगाबादकर, सुभाष स्मार्थ, एस.व्ही. पुराणिक, अवधूत मोहगांवकर, सुधीर साईखेड़कर, सौ. वर्षा पाठक एवं सभी संचालक मंडल ने सभी धर्म प्रेमी समुदाय से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर पुण्यर्जन का आग्रह किया है।

# सौ बिस्तरों का हुआ आरोग्य अस्पताल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आरोग्य मल्टीकेयर सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल ने गुरुवार 12 जून को एक नया आयाम छू लिया। 50 बिस्तारों वाले इस अस्पताल ने अपग्रेड कर 100 बैड के अस्पताल के रूप में विकसित कर लिया है। चिकित्सा संस्थान को और अधिक आधुनिक स्वरूप देते हुए अब यहा वीआईपी लाज भी शुरू किया गया है।

यहां पर अब महानगरों की तर्ज पर मरीज और उनके परिजनों के लिए सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधाओं का सामना न करना पड़े। गुरुवार को प्रदेश के पी.डब्लू.डी. और जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने दोपहर 03 बजे इस नई व्यवस्था का उद्घाटन किया। प्रभारी मंत्री ने पूरे अस्पताल का भ्रमण किया। उन्होनें स्वास्थ्य सुविधाओं की जिले में इस स्तर की व्यवस्था की सराहना की और इसी तरह इस क्षेत्र में और आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं भी दी।

आरोग्य मल्टी स्पेशिलिटी हास्पिटल के डायरेक्टर दीपक खंडेलवाल से भी उन्होनें अस्पताल में उपलब्ध व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। जिले में इकलौती कैथ लैब की आरोग्य में उपलब्धता की भी उन्होंने प्रशंसा की। दीपक खंडेलवाल ने बताया कि छिंदवाड़ा सहित आसपास के चार जिलों में इस तरह की मल्टी स्पेशिलिटी चिकित्सा सुविधाएं सुविधाएं किसी अन्य आस्पिटल में नहीं हैं। इन जिलों के मरीज भी इलाज के लिए आरोग्य में आ रहे हैं और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, महापौर विक्रम अहाके, पूर्व विधायक रमेश दुबे, विजय पांडे, गणमान्यों मे प्रवीण दुग्गड़ के अलावा डॉ. एसोसिएशन, फिजियोथेरेपिस्ट एसोसिएशन, चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सदस्य, अनाज व्यापारी संघ, रोटरी, इन्हरव्हील के सदस्यों के साथ अस्पताल के सभी चिकित्सक और सहयोगी स्टाफ एवं पत्रकारगण मौजूद था।

**रिसोर्ट लेबल के रूम उपलब्ध**

आरोग्य चिकित्सा संस्थान में आने वाले मरीज जगह की कमी के कारण वापस न जाए इसलिए इसे 100 बैड तक विस्तारित किया गया है। इसके अलावा लोगों की मांग पर यहां अत्याधुनिक सुविधाओं वाले विशेष वीआईपी लांज बनाए गए हैं। महानगरों की तर्ज पर रिसोर्ट लेबल के रूम यहां उपलब्ध रहेंगे। मरीज और उनके परिजनों को अस्पताल नहीं बल्कि उन्हें घर जैसी सुविधा और महौल उपलब्ध कराने यह लांज बनाया गया है। मरीजों के परिजनों के लिए भी स्पेशल व्यवस्थाएं यहां मुहैया कराई गई है।

**सात वर्षो में बना प्रमुख चिकित्सा संस्थान**

अस्पताल के डायरेक्टर दीपक खंडेलवाल ने बताया कि 5 अगस्त 2018 को 10 बिस्तरों के साथ आरोग्य हास्पिटल की शुरुआत की थी लेकिन सात सालों में यह चिकित्सा संस्था 100 बिस्तारों तक वाले और मल्टी स्पेशिलिटी चिकित्सा सुविधाओं और इलाज के लिए जाना जा रहा है। क्रिटिकल केयर के क्षेत्र में पूरे जिले में यह अग्रणी संस्थान है।

आईसीयू, के साथ अत्याधुनिक आपरेशन थियेटर के साथ चिकित्सकों की बड़ी टीम यहां उपलब्ध है। यूरोलाजी, पल्मोलाजी के साथ गंभीर सर्जरी, नी रिप्लेसमेंट, आर्थो के साथ पायजन यूनिट की उपलब्धता भी आरोग्य को प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के बीच स्थान दिलाती है। उन्होनें बताया कि हमारा उद्देश्य जिले के मरीजों को महानगर की तरह यहीं इलाज उपलब्ध कराना है। हम धीरे-धीरे इसमें सफल हो रहे हैं।



## आरोग्य मल्टीकेयर सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में वीआईपी लाज का भी उदघाटन किया लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने

# अखिल भारतीय युवजन समाज का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में जिला छिंदवाड़ा की टीम ने प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिलाध्यक्ष प्रकाश मेहरौलिया द्वारा किया गया, जिसमें जिला महासचिव आयुष्मान सुमित भांवरकर, जिला उपाध्यक्ष अनिल इंगले, राष्ट्रीय सचिव लालित मणि सरवैया, रूखमणि ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

सम्मेलन के पश्चात जिला टीम ने राष्ट्रीय मुख्य महामंत्री लक्ष्मण सिंह चांवरिया से नगर पालिका निगम में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर मुलाकात की। विशेष रूप से छिंदवाड़ा नगर निगम की 40 महिला सफाई कामगारों, जिन्हें कार्य से हटा दिया गया है, के पुनः नियुक्ति हेतु एक मांग पत्र सौंपा गया। इस पर श्री चांवरिया ने आश्वस्त किया कि यह विषय राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के समक्ष उठाया जाएगा, ताकि संबंधित महिलाओं को न्याय मिल सके।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव दिलीप वाल्मीकि, उत्तरप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चंद वाल्मीकि, प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान अमर धामोंनिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन में संगठन की मजबूती, सामाजिक न्याय और वंचित वर्ग की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



# पर्यवेक्षक ने की जिला कांग्रेस संगठन की तारीफ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने जिला कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत किया है। संगठन को और अधिक सशक्त करने उनके सतत प्रयास जारी है। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत मुलाकात और बात करने का ही परिणाम है कि विगत 45 वर्षों से जिला कांग्रे कमेटी में राजनैतिक से कहीं ज्यादा परिवारिक माहौल है। अनुशासन, संगठन की शक्ति, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का कांग्रेस के प्रति समर्पण की एआइसीसी पर्यवेक्षक संजय कपूर ने तारीफ की।

## चौरई व अमरवाड़ा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को किया संबोधित



चौरई व अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए एआइसीसी के पर्यवेक्षक श्री कपूर ने आगे कहा कि मैं अपने साथियों को नमन करता हूं, अभिनन्दन करता हूं। मेरा सौभाग्य है कि मुझे छिन्दवाड़ा जिले में पुनः आने का अवसर प्राप्त हुआ। पार्टी ने म.प्र. में आने का अवसर प्रदान करते हुए राहुल गांधी ने भरोसा जताते हुए म.प्र. में कार्य करने का मौका दिया। इसके पूर्व कमलनाथ के नेतृत्व में जब कांग्रेस की सरकार बनी तब भी मैं म.प्र. में था। हम यहां के संगठन की सराहनना हमेशा करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

अक्सर यह बात कही जाती है कि म.प्र. में अगर कहीं का संगठन देखना है तो छिन्दवाड़ा का देखिए। कमलनाथ ने शुरुआत से और अब नकुलनाथ ने भी संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत किया है। जब क्षेत्रीय कमेटियों की बात होती थी तब पता चलता था कि छिन्दवाड़ा में क्षेत्रीय कमेटियां बनकर कार्य कर रही है। जो कुछ कमियां है उन्हें राहुल गांधी के नेतृत्व में दूर किया जाएगा और संगठन को नई शक्ति प्रदान की जाएगी।

पीसीसी से पर्यवेक्षक सुरेन्द्र चौधरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कमलनाथ व नकुलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस का संगठन बहुत अच्छी तरह से काम कर रहा है किन्तु कुछ ताकते हैं जिन्होंने संगठन को नुकसान पहुंचाया और हमें उन्हें पहचान नहीं पाए। उन्होंने चौरई व अमरवाड़ा विधानसभा के उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि अब समय इतिहास रचने का है। इतिहास बनाने का अवसर आपके हाथों में है। श्री चौधरी ने उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

पीसीसी पर्यवेक्षक सुनील जायसवाल ने सम्बोधित करते हुए छिन्दवाड़ा जिले के विकास और कमलनाथ एवं नकुलनाथ के योगदान पर प्रकाश डाला।

कांग्रेस का प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता संगठन के प्रति सच्चा व निष्ठावान है इसीलिये आज यहां बैठा है। कांग्रेस के प्रति निष्ठावान नहीं होते तो यहां नहीं होते। उन्होंने संगठन को सशक्त करने हेतु आवश्यक बिन्दुओं पर उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का ध्यानाकार्षण कराया।

पीसीसी से नियुक्त पर्यवेक्षक अभिनव ढिमोले ने कहा कि संगठन हमारी मातृ शक्ति होती है। मातृशक्ति जब तक मजबूत नहीं होगी तब तक हम भी मजबूत नहीं होंगे। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन सर्वप्रथम होता है और आगे भी रहेगा, क्योंकि हमारी पहचान ही कांग्रेस से है, कांग्रेस मजबूत होगी तभी हम सभी मजबूत होंगे। चौरई विधायक सुजीत चौधरी ने सम्बोधित करते हुए नकुल नाथ कमलनाथ की कार्यशैली और योजनाओं की प्रशंसा की।

# आखिर जेल काम्पलेक्स में नहीं पड़ी अतिक्रमण दस्ते की नजर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अतिक्रमण अभियान के दौरान आखिर अतिक्रमण दस्ते की नजर इंदिरा तिराहे के बाद जेल काम्पलेक्स में क्यों नहीं पड़ी। यह काम्पलेक्स नगर निगम का है। फुटपाथ में कब्जा है। यहां से किराया, संपत्ति कर और पगड़ी तक नगर निगम को नहीं मिली है फिर मेहरबानी क्यों।



जिला कलेक्टर, एस.डी.एम., आयुक्त नगर पालिक निगम से क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि जेल काम्पलेक्स के फुटपाथों को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाऐं ताकि सुंदरता भी बनी रहे और फुटपाथ में चलने के लिए आम जनता को जगह भी मिलें। यदि फुटपाथ से अतिक्रमण हटता है तो दुकानदारों का सामान भी दुकान के अंदर ही रहेगा और व्यवस्था भी अच्छी होगी।

## सार-समाचार

### जिला कांग्रेस ने विमान हादसे के दिवंगत यात्रियों को दी श्रद्धांजलि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर गहन दुख व्यक्त किया। नेताद्वय ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना ईश्वर से की है। कमलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि विमान हादसे का समाचार स्तब्ध व विचलित करने वाला है। हादसे में दिवंगत हुए यात्रियों को ईश्वर श्री चरणों में स्थान दें साथ ही घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो। शोकाकुल परिवार के सदस्यों को यह दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करें।नकुलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि एयर इंडिया का विमान हादसा हृदय विदारक है। घायल शीघ्र अति शीघ्र स्वस्थ हों जिन परिवारों ने अपनों को खोया है, उन्हें यह असहनीय दुख सहन करने की शक्ति व दिवंगत आत्मा को ईश्वर अपने श्री चरणों में स्थान दें।

स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई थी। विमान हादसे की सूचना प्राप्त होते ही बैठक को स्थगित करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर हादसे में दिवंगत हुए यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिसके पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से एआइसीसी व पीसीसी से आए पर्यवेक्षकों ने व्यक्तिगत चर्चा की। आज 13 जून 2025 को दोपहर 12 बजे परासिया विधानसभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक परासिया में होगी। दोपहर 3 बजे जामई विधानसभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक जामई विधानसभा में एआईसीसी व पीसीसी के पर्यवेक्षकगण लेंगे।

### पर्यावरण मंच भारतीय मजदूर संघ ने 14 सूत्रीय ज्ञापन जिलाध्यक्ष को सौंपा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पर्यावरण मंच भारतीय मजदूर संघ के निर्देश पर गत 6 जून 2025 से 12 जून 2025 तक आयोजित पर्यावरण सप्ताह के अन्तर्गत कल छिन्दवाड़ा में निरंजन सिंह राजपूत उपाध्यक्ष, जिला समिति के नेतृत्व में 14 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन सौंपते समय राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एडॉ. महेन्द्र मौर्य, रमेश शर्मा, राज्य कर्मचारी संघ उत्तम समर्थ, महामंत्री हिन्दुस्तान लीवर रवि मालवी, राजेश यादव रेल्वे हम्माल यूनियन के कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे। पर्यावरण प्रदूषण की समस्या भारत ही नहीं पूरे विश्व में एक गंभीर समस्या बनी हुई है। प्रदूषण के कारण मनुष्य को कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वर्तमान में पेड़ों की कटाई काफी बढ़ गई है पर उसकी तुलना में वृक्षारोपण कम हो रहा है, इस कारण वातावरण का तापमान पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बढ़ गया इससे कई प्रकार की समस्या आई।

इसी तरह से सही प्रकार से जल संरक्षण न हो पाने के कारण भू-गर्भीय जल स्तर नीचे जाने लगा है। इससे कई स्थानों पर पानी की समस्या बढ़ने लगी है। पर्यावरण मंच भारतीय मजदूर संघ द्वारा इस ज्ञापन के माध्यम से यह मांग करता है कि जिले में होने वाले सभी प्रकार के प्रदूषणों पर विशेष ध्यान देते हुए इसके रोकथाम हेतु तत्काल उपाय किये जाय एसाथ ही निम्न बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाय। वायु प्रदूषण पर विशेष ध्यान दिया जाय, एवं इसे कम करने हेतु उचित उपाय किये जाय, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर असर न हो, साथ ही सभी प्रमुख शहरों के प्रमुख स्थलों पर प्रदूषण का स्तर दर्शाने वाला इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड लगवाया जाय। नदी एनालों के पानी को प्रदूषित होने से बचाने हेतु उचित उपाय किये जाय सहित 14 सूत्रीय मांगे रखी और ज्ञापन सौपा।





# बच्चों के कैम्प का समापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्लेटो क्लब छिंदवाड़ा में 25 मई से 15 जून तक आयोजित टेनिस कोचिंग कैंप का रोमांचक समापन आज से शुरू हो गया है। आज 12 जून को जूनियर प्रतिभागियों के बीच खेले गए आंतरिक मैचों के साथ हुआ। इन मैचों में टेनिस कौशल और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन हुआ। इस अवसर पर भाग लेने वाले प्रतिभागियों में कियान उपासे पुत्र मयूर उपासे, ऋत्विज भार्गव पुत्र तापस भार्गव, हर्ष सल्लामे पुत्र राधे सल्लामे, अग्निव सिंह पुत्र मिलन सिंह, अद्वय साहू पुत्र राहुल साहू, आन उपाध्याय पुत्र करण उपाध्याय, अदविक सिंह पुत्र मिलन सिंह, मिहित भुटडा पुत्र पंकज भुटडा थे।

शुरुआती बैच में 5-12 वर्ष की आयु के खिलाड़ी शामिल थेए जिन्होंने रोमांचक दौर के मैच, पॉइंट स्कोरिंग, अभ्यास और बॉल थ्रो अभ्यास में भाग लिया। मैच मजेदार और प्रतिस्पर्धी भावना से खेले गए जिसमें फोरहैंड और बैकहैंड तकनीकों को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। इस स्पर्धा में राउंड वन विजेता- कियान उपासे, ऋत्विज भार्गव, हर्ष सल्लामे और अदविक सिंह थे। जबकि . सेमीफाइनल विजेता- कियान उपासे और अदविक सिंह थे।

इसी प्रकार में फाइनल विजेता अदविक सिंह, मिलन सिंह यादव के पुत्र विजेता कियान उपासे मयूर उपासे के पुत्र जबकि उपविजेता सभी प्रतिभागियों को उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी। 5 से 12 वर्ष के खिलाड़ियों का ये शिविर बहुत सफल रहा और हम भविष्य के टूर्नामेंटों में इन प्रतिभाओं को चमकते हुए देखेंगे।

# प्रोफेशनल मीट में पहुंचे प्रभारी मंत्री

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. शासन के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने कल गुरुवार को स्थानीय सिल्वर साइन होटल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पर आयोजित प्रोफेशनल मीट को संबोधित किया।



प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होगा। प्रधानमंत्री ने देश की राजनीति से भ्रष्टाचार और परिवारवाद को समाप्त करने का कार्य कर रहे हैं। मोदी जी का नेतृत्व भारत को हर क्षेत्र में वैश्विक रूप से पहचान और सम्मान दिला रहा है। 11 वर्ष का कार्यकाल आने वाले समय में स्वर्णिम कार्यकाल में लिखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 तक लोकसभा में जब भी आवाज गूंजती थी तो घोटाले को लेकर होती थी। जमीन से आसमान तक घोटाले थे। उन्होंने कहा कि उस समय प्रधानमंत्री के विदेश दौरे पर ऐसी टिप्पणी होती थी कि जैसे हम कुछ मांगने निकले हैं। लेकिन जैसे है नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी चित्र बदलने लगा, क्योंकि नियत साफ थी नीति स्पष्ट थी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के सीनियर मंत्री ने रेलवे को लेकर खुला शौचालय कहा था। उस समय स्वच्छता को लेकर पूरे विश्व में भारत पर टिप्पणी होती थी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी स्वच्छता पर विश्वास रखते थे लेकिन कांग्रेस ने कभी भी स्वच्छता की बात तक नहीं की। देश में स्वच्छता का चित्र तब बदला जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता के लिए खुद झाड़ू उठाई और महात्मा गांधी के चश्मे को स्वच्छ भारत का लोगो बनाया।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए बच्चे भी इतने सजग हो गए हैं कि अगर हम एक कागज का टुकड़ा भी रास्ते पर फेक दे तो हमारे बच्चे ही हमें स्वच्छता के लिए टोंक देते हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं देखा था कि सतना रेलवे स्टेशन पर एक परिवार स्टेशन पर भोजन कर पुरानी आदत के अनुसार प्लेटफार्म पर कचरा छोड़कर जाने लगा तब वहां खड़े लोगों ने उन्हें घेर लिया जिससे शर्मिंदा होकर उन्हें उस कचरे को साफ कर डस्टबिन में डालना पड़ा। समाज के भीतर सकारात्मक बदलाव कैसे आते हैं ये उसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।

उन्होंने बताया कि 2014 के पहले जब कभी हम सभी सांसद इकठ्ठा बैठते थे तब हम महसूस करते थे कि भाजपा का दो तिहाई बहुमत आ गया तब भी हम 370 खत्म नहीं कर पाएंगे और अगर इस पर चर्चा भी की गई तो तथाकथित सेक्यूलरों के मधुमक्खी जैसे हमले से बच नहीं पाएंगे। उन्होंने बताया कि जब लोकसभा में कश्मीर पर चर्चा होने वाली थी तब किसी को नहीं पता था कि कश्मीर को लेकर क्या चर्चा होगी। लोकसभा में जब धारा 370 हटाने का बिल पेश किया गया तब पता चला कि बिना खून खराबे की धारा 370 हट गई और वक्फ बिल पास हुआ।

# खाद वितरण केन्द्रों में छाया-पानी की हो समुचित व्यवस्था

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री और छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में कल 12 जून को जिला योजना समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा करने के साथ ही निर्धारित एजेंडा बिंदुओं के अनुसार विभागवार समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। सुचारू खाद वितरण, बाढ़ आपदा से बचाव की तैयारी, शहरी क्षेत्रों में सुचारू पेयजल व्यवस्थाए सिंचाई परियोजनाओं के फील्ड में क्रियान्वयन आदि के संबंध में जनप्रतिनिधियों से विभिन्न सुझाव भी लिए गए।

बैठक में सर्वप्रथम 04 अप्रैल 2025 को आयोजित जिला योजना समिति के बैठक के कार्यवाही विवरण और निर्देशों के पालन प्रतिवेदन पर विस्तृत चर्चा की गई जिसमें परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण छिन्दवाड़ा सुश्री साक्षी शुक्ला द्वारा नगरीय क्षेत्र में नियमित पानी की सप्लाई एवं वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि नगर पालिका जुन्नारदेव में 01 दिन के अंतराल में पेयजल सप्लाई किया जा रहा है एवं नियमित सप्लाई के लिए अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 13 मार्च 2024 से कार्य प्रचलन में है। जिसके अंतर्गत ओ.एस.टी. का निर्माण एवं लगभग 1000 मीटर पाईप लाईन विस्तारीकरण का कार्य पूरा हो चुका है।

परासिया क्षेत्र में जमीन में पर्याप्त पानी की उपलब्धता एवं पीने योग्य पानी के लिए नगर परिषद न्यूटन के अंतर्गत 04 बोर कराए गए, लेकिन इन बोरों से जल उपलब्ध नहीं हो पाया। वर्तमान में पेंच नदी पर 02 अस्थाई बांध एवं डगवेल खोदकर सप्लाई की जा रही है। नगर पालिका परासिया के अंतर्गत जल आपूर्ति के लिए पंचायत क्षेत्र में 03 बोर की मरम्मत का कार्य कराया गया है एवं पेंच नदी में डगवेल खुदवाकर उपलब्ध पानी से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने वैकल्पिक व्यवस्था बनाते हुए सभी नगरीय क्षेत्रों में पेयजल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अवगत कराया गया कि जिले के कुल पंजीकृत किसानों 18226 किसानों में से 3700 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग कराई गयी तथा 3017 पंजीकृत किसानों से 281229.42 क्विंटल गेहूं का उपार्जन कराया जाकर शत-प्रतिशत परिवहन कार्य कराया जा चुका है।

## जिला योजना समिति की बैठक में प्रभारी मंत्री के निर्देश



जन प्रतिनिधियों द्वारा डबल्यू.सी.एल. क्षेत्र में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की समस्या बताई गई, साथ ही ग्राम सेठिया में पानी की पर्याप्त उपलब्धता की जानकारी दी गई। इस पर प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को वहां आयरन फिल्टर वॉटर प्लांट लगाकर समस्या का हल निकालने के संबंध में जानकारी पूरी कार्ययोजना के साथ आगामी 10 दिनों में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड छिन्दवाड़ा द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत नलकूप खनन के पूर्व रजिस्टीविटी सर्वेक्षण कार्य कराया जाता है। जिसके बाद सफल नलकूप की जल आवक क्षमता यील्ड टेस्ट का परीक्षण 08 घण्टे प्रति नलकूप अनुबंधित ठेकेदार/ऐजेंसी के माध्यम से किया जाता है। जल आवक क्षमता के आधार पर ही मोटर पंप स्थापना आदि संबंधित कार्य का निष्पादन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 353 नलकूप की जल आवक क्षमता का परीक्षण किया गया है। जिसकी परीक्षण रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई।

बैठक के एजेण्डा अनुसार खाद बीज वितरण एवं उपलब्धता की समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने किसानों की सुविधा के लिए सभी वितरण केंद्रों में पानी, छाया की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश जिला कलेक्टर को दिए हैं। साथ ही शासन की योजना वाले बीज के लिए शासन स्तर पर चर्चा कर शीघ्र उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने एन.पी.के. को लेकर फैली भ्रांति दूर करने और कृषकों को इसके लाभों से अवगत कराने के लिए जनप्रतिधियों की एक वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश कृषि विभाग को दिए हैं।

बैठक में कृषि एवं जिला विपणन विभाग के द्वारा जिले में यूरिया, सुपर फास्फेट, डी0ए0पी0, एन0पी0के0 आदि की उपलब्धता के संबंध में प्रकाश डाला गया। बोनी के लिए आवश्यक बेसल उर्वरक डी.ए.पी. एवं एन.पी.के.-17030 मे टन उपलब्ध है, जो कि पर्याप्त मात्रा में है। वर्तमान मे 19054 मेण्टन यूरिया उपलब्ध है एवं लगातार जिले को रैक प्राप्त हो रही हैं।

निर्धारित एजेण्डा के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री सिंह द्वारा आपदा प्रबंधन के संबंध में नगरीय निकायों में मानसून के पूर्व जन निकासी की तैयारी एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जिले तैयारी की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी नगरीय निकायों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, नालों की डिसिल्टिंग, जर्जर भवनों का चिन्हांकन, राहत शिविरों के लिए स्थान का चिन्हांकन करते हुए पूरी तैयारी सुशिक्षित करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में जानकारी दी गई कि बाढ़ अतिवृष्टि से निपटने के लिए सभी नगर पालिका कार्यालय भवन में भी कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। वर्षा ऋतु से पूर्व नगरीय क्षेत्र में स्थित सभी कच्चे -पक्के नालों-नालियों की सफाई कर्मचारियों की टीम बनाकर कराई जा रही है। बाढ़ संभावित स्थलों को चिन्हित कर संकेतक लगाये जा रहे हैं। जल भराव स्थलों को चिन्हित कर लिया गया है। निकाय क्षेत्रांतर्गत निचली बस्तियों में जल मग्न सड़कों एवं पुलियों पर दुर्घटना रोकने के लिये चेतावनी बोर्ड लगाये गये हैं। नगरीय निकायों में बाढ़ आपदा की स्थिति में राहत केन्द्रों का चिन्हांकन कर लिया गया है।